तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 10 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 जीवन में अनुशासन सिखाता है खेल



## खबर संक्षेप

### मुख्य सचिव कल लेंगे वीसी माध्यम से बैठक

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी, धान का उठाव, अवैध धान परिवहन, सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन,अवैध भंडारण, बारदाना की उपलब्धता, नान व एफसीआई में कस्टम मिलिंग चावल जमा की प्रगति के संबंध में जिले के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करेंगे। विदित हो कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी है, ऐसे में मुख्य सचिव शेष दिनों में धान आवक की भी समीक्षा करेंगे। वहीं कोचियों, बिचौलियों को रोकने व की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी अधिकारियों से लेंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह लगातार धान खरीदी केन्द्रों का जायजा ले रहे हैं, वहीं लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को हटाया भी जा रहा है तथा शोकाज नोटिस भी जारी की गई है। जिला प्रशासन व राजस्व अधिकारियों द्वारा अवैध धान परिवहन की सूचना मिलते ही अवैध धान व वाहन को जब्त कर कार्रवाई भी की गई है।

### नए सत्र में फिर महंगी होंगी स्कूली पुस्तकें

**बैकुण्ठपुर।** अप्रैल माह से इंग्लिश मीडियम स्कूल का सत्र शुरू हो जाता है, अभी अप्रैल माह आने में लगभग 3 महीने का समय है पर निजी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्राइवेट पुस्तक प्रकाशकों के एजेंट का डेरा जमना शुरू हो गया है। पुस्तक प्रकाशक के एजेंट अधिकतर प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को बहुत मोटी रकम देकर महंगी-महंगी पुस्तक स्कूल में लगवाते हैं और स्कूल प्रबंधन भी कमीशन के लालच में महंगी किताबें लगाने से कोई परहेज नहीं करता है। प्राइवेट स्कूलों के बच्चे, अभिभावक के ऊपर कितना भारी बोझ क्यों ना पड़े, उससे स्कूल प्रबंधक एवं निजी प्रकाशकों को कोई फर्क नहीं पड़ता। इस गंभीर मामले में पिछले वर्ष शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले पुस्तक विक्रेताओं के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से महंगी पुस्तकों को लेकर के शिकायत की गई थी, पर स्कूल प्राइवेट स्कूल प्रबंधन को आज तक कोई भी नोटिस जारी नहीं किया गया, कुछ महीने बाद इंग्लिश मीडियम का शिक्षा सत्र शुरू हो जाएगा और निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों का खेल भी शुरू हो जाएगा।

### संभाग स्तरीय योग शिविर 14 को

**बैकुण्ठपुर।** भारत स्वाभिमान न्यास कोरिया, पतंजलि योग समिति महिला पतंजलि समिति, युवा भारत किसान सेवक समिति देवराहा बाबा सेवा समिति व अन्य संगठनों के द्वारा मकर सक्रांति के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस संबंध में पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि योग ऋषि स्वामी रामदेव के निर्देशानुसार उनके शिष्य मुख्य केन्द्रीय प्रभारी स्वामी डॉ. परमार्थ देव महाराज का एक दिवसीय कोरिया आगमन आगामी 14 जनवरी को हो रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई है। पंडित श्री शर्मा ने बताया कि 14 जनवरी को देवराहा बाबा परिसर प्रेमाबाग बैकुंठपुर में प्रातः 6 से 7:30 बजे तक संभाग स्तरीय योग शिविर, इसी दिन 8 बजे प्रेमाबाग में ही मंदिरों की साफ-सफाई, 11 बजे विशिष्टजन से चर्चा स्वामी परमार्थ देव का उद्बोधन होगा एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, इसके बाद दोपहर 2 बजे भोजन के पश्चात डॉ. परमार्थ देव कोरिया जिले से प्रस्थान करेंगे।

### अधिनियम के तहत बंद रहेंगी शराब दुकान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विनय कुमार लंगेह ने छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है।

## अमृतधारा क्षेत्र में चल रहा अवैध उत्खनन का खेल

# ट्रैक्टर पलटा, दबकर चालक की मौत



दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर।



अवैध उत्खनन के बाद का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/नागपुर

एमसीबी जिले के नागपुर पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत एक टैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सूचना पर पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया ,वहीं मृतक के शव को अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया गया, जहां दूसरे दिन पीएम कराकर शव परिजन को सौंप दी। दूसरी ओर इन दिनों अमृतधारा इलाके में अवैध उत्खनन का खेल जमकर चल रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना दिवस बुधवार की रात्रि में नागपुर पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत ग्राम दर्रीटोला निवासी ट्रैक्टर चालक धीरन गोंड़ पिता भूलन उम्र 36 वर्ष ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएल 6294 से मिट्टी परिवहन करते वक्त ग्राम धानापारा स्थित ईंट भट्ठे से कुछ ही दूरी पर खेत में उक्त ट्रैक्टर का इंजन वाला हिस्सा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कि चालक ट्रैक्टर के इंजन में दब गया, इससे उसकी मौत हो गई। यह घटना बुधवार की रात्रि लगभग 11 बजे घटित हुई। मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया, जहां दूसरे दिन मृतक का पीएम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर मौके पर सीएसपी चिरमिरी भी पहुंच कर मौका मुआवना कर मामले को विवेचना में लिया। वहीं इस मामले में मृतक के पिता भूलन ने साक्ष्य का लीपापोती करने का संदेह जताया है।

### जोरों से चल रहा अवैध उत्खनन का खेल

जिले के कई इलाकों में अवैध रेत और कोयला उत्खनन का खेल जारी है। अमृतधारा क्षेत्र से रेत उत्खनन किया जा रहा है। देर रात से लेकर अलसुबह तक नागपुर के रास्ते चिरमिरी आसपास के क्षेत्र में रेत परिवहन कर खपाया जा रहा है। महाराजपुर इलाके और चिरमिरी के कई क्षेत्रों में जंगल के बीच से कोयला उत्खनन भी जोरो पर है। बैकुण्ठपुर से चिरमिरी जाने वाले मार्ग पर बंजारीडांड़ के जंगल में भी बड़ी मात्रा में रेत उत्खनन किया जा रहा है। प्रशासन भी इन रेत और कोयला माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने से डर रहा है।



जीप में रखा चालक का शव।

### परिवहन के दौरान घटना

जानकारी के अनुसार अमृतधारा रिजर्व फारेस्ट से कोयले का अवैध उत्खनन एवं परिवजन का कार्य लंबे समय से नागपुर कोल माफिया द्वारा कराया जाता है, इसके लिए देर रात्रि कोल परिवहन होता है। जानकारी के अनुसार अमृतधारा रिजर्व फॉरेस्ट से अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कर धानापारा दर्रीटोला नागपुर स्थित ईंट भट्ठे में सप्लाई करने के लिए उक्त ट्रैक्टर का उपयोग किया गया था और परिवहन के दौरान ट्रैक्टर रात्रि में अनियंत्रित होकर पलट गई, इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली में लोड अवैध कोयले को जेसीबी से दूसरे वाहन में लोड कर कोयले को ले जाया गया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्रॉली में मिट्टी भर दी गई, जिससे पता चले कि मिट्टी परिवहन करते वक्त ट्रैक्टर पलटा।

### पीएम के लिए शव जीप में ले गए

ईंट भट्ठे में ट्रैक्टर पलटने के बाद व्यक्ति की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के लिए मृतक के शव को जीप में डालकर ले जाया गया। दरअसल पुलिस जांच के बाद मृतक के शव को कथित रूप से कपड़े में लपेटकर और उठाकर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद शव को जीप में सीट के नीचे रखकर पोस्टमॉर्टम के लिए मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया। शव के साथ इस तरह के व्यवहार का लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है।




कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

# शास्त्री ने पूरा जीवन देश सेवा के लिए किया समर्पितः शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर 11 जनवरी को जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शास्त्री जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

▪ जिला कांग्रेस कार्यालय के राजीव भवन में आयोजन

शास्त्री जी के द्वारा राष्टहित पर उनकी देश की सेवा त्याग बलिदान के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया। सादा जीवन उच्च विचार के मार्गदर्शी सिद्धांत को उन्होंने आजीवन अपनाया और लोगों के लिए मिशाल प्रस्तुत की। सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। शास्त्री जी ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई। कई बार जेल भी गए। उनके जय जवान-जय किसान के नारो ने जवानों के बलिदान के साथ अन्नदाता किसानों की मेहनत को भी सम्मान दिलाया। शास्त्री जी की जीवन मूल्य बाते सबको सदा प्रेरित करती रहेंगी। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, बृजवासी तिवारी, रामकृष्ण साहू, साहेब सिंह, अजय सिंह, बिहारी राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, पप्पू, विजय कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाहन सावधानी, जिम्मेदारी के साथ चलाएंः जमुना

**बैकुण्ठपुर।** हम सबके ऊपर बहुत जिम्मेदारी होती है कि समय पर अधिकारियों के पास वाहन लेकर पहुंच जाएं। यह बात छग शासकीय वाहन चालक व यांत्रिकी कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित कलेंडर विमोचन के दौरान कोरिया जिले के वाहन चालक संघ के अध्यक्ष जमुना प्रसाद राजवाड़े ने साझा की।

श्री राजवाड़े ने बताया कि कलेंडर विमोचन रायपुर में प्रांताध्यक्ष मनीष ठाकुर के नेतृत्व में किया गया है। श्री राजवाड़े ने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कार्यालयीन जिम्मेदारी के दौरान वाहन हमेशा सावधानी के साथ चलाएं साथ ही किसी भी हालत में नशा करके वाहन बिल्कुल भी न चलाएं। हम सब शासकीय वाहन चालकों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती हैं, क्योंकि वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर लाने-ले जाने, दौरा करना होता है। ऐसे में हम सबको हरदम चौकन्ना रहकर वाहन चलाना होता है। वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें साथ ही वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें।



विमोचन में शामिल संघ के लोग।

### एक दिया कौशल्या के राम के नाम

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रदेशवासियों से राम मंदिर उद्घाटन के दिन एक दिया कौशल्या के राम के नाम छग के भांचा प्रभु श्रीराम के नाम जलाने की अपील की है। श्रीमती सिंह ने अपने लिखा है कि, प्रभुश्री राम ने छग में जहां से अपने पांव पखारे, वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम और माता सीता के छग में पहले कदम भरतपुर-सोनहत विधानसभा में पड़े और यह भूमि पुण्य भूमि हो गई। मेरा सौभाग्य है कि वहां की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन से अपने आस-पास के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं। 22 जनवरी ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। प्रभु श्रीराम का स्वागत अपने-अपने घरों में दीप जलाकर करें।

# सड़क पर बहता है गंदा पानी, जिम्मेदार मौन

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका क्षेत्र बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 8 चेर में बरसात और नाली का पानी मुख्य सड़क पर बहने और जमा रहने से लोगों को आने-जाने में भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं। नाली जाम रहने से सड़क के ऊपर भी गंदा पानी बह रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां रोड के किनारे पुलिया बना हुआ है, इसमें दो से तीन घरों का पानी जमा होता है। यहां एक व्यक्ति के द्वारा मिट्टी काटने से नाली और पुलिया जाम हो गया है, इस वजह से नाली का पानी में रोड पर बहने लगा है। लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर फैला रहता है। बरसात होने पर और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने इसकी कई बार शिकायत की, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला। घरों का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोग परेशान हैं। सड़क पर बह रहे गंदे पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं। गुहार लगाने के बाद भी सफाई नहीं कराई जा रही है। लोगों की शिकायत सामने आने के बाद वार्ड पार्षद बॉबी ने ⏭ शेष पेज 4 पर



सड़क पर बह रहा घरों का पानी।

# सूने मकान में चोरी, टीवी प्रिंटर के साथ राशन भी ले उड़े चोर

**बैकुण्ठपुर।** पोंड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल अधिकारी के सुने मकान में अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर लिया। मकान से कीमती इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के साथ घर में रखे हैं, राशन की चोरी को भी अंजाम दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मामला पोंड़ी थाना क्षेत्र के एसईसीएल कॉलोनी का है, जहां जीएम काम्पलेक्स ऑफिस में एसईसीएल के अधिकारी एस बेहरा 6 जनवरी को अपने घर उड़ीसा गए हुए थे। अधिकारी ने अपने घर की देख-रेख की जिम्मेदारी एसईसीएल के प्राइवेट कर्मचारी संतोष नायक को दी थी। संतोष के द्वारा हर दिन मकान की देखरेख की जा रही थी। 11 जनवरी की रात 10 बजे भी वह मकान को देखकर गया था। रात्रि 3 बजे ड्यूटी से वापस आने के बाद जब संतोष ने मकान का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो किचन और बेडरूम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। शिकायत में बताया गया कि घर की रोशनदान को तोड़कर कोई अज्ञात अंदर प्रवेश कर गया था ,जिसके द्वारा घर में रखें एमआई कंपनी के एलइडी टीवी कीमती रुपए घर में रखें दो कलर प्रिंटर कीमती 15000 रुपए तथा घर में रखे राशन की भी चोरी कर ली गई। घर में चोरी हो जाने की जानकारी संतोष के द्वारा मोबाइल फोन से एस बेहरा को दी गई। इसके बाद पोंड़ी थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ति की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कोरिया लिजेंड ने फाइनल में किया कब्जा

**कोरिया कॉलरी।** बीते लंबे समय से क्रिकेट प्रतियोगिता का सूखा पड़ने वाले कोरिया कॉलरी का एनएससी मैदान जहां शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इसमें कोरिया और गोदरीपारा की टीम फाइनल में पहुंची।

कोरिया के कप्तान सनी सिंह ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया, जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोदरीपारा की टीम ने शुरूवाती आक्रमण करते हुए तेजी से रन बनाया, मगर उसके दो बल्लेबाज जल्द ही पवेलियन लौट गए। निर्धारित 10 ओवरो में कुल 116 रन बनाकर कोरिया टीम को 117 का चुनौती दी, इसके जवाब में कोरिया की शुरूवात धीमी रही ,मगर मिडिल आर्डर के बल्लेबाजों ने जमकर सूझबूझ से बल्लेबाजी करते हुए मजबूत साझेदारी कर मैच में अपनी पकड़ बनाई और अंतिम एक गेंद रहते शानदार रोमांचक जीत अपने नाम किया। इस मैच का आनंद लेने दर्शकों की भीड़ भारी तौर पर जुटी रही। फाइनल मैच में पूर्व नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर डमरू बेहरा ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। गौरतलब है कि विजेता टीम को 11000 हजार रूपए नगद तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और उपविजेता टीम को 5500 हजार रूपए और ट्रॉफी से नवाजा गया। मैन ऑफ द मैच एमरोस तिर्की और मन ऑफ सीरीज का इनाम बंटी दास को चुना गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कमेटी की ओर से प्रत्यूश सिंह ,अंकित, तौशिफ एसनी सिंह, ओम वर्मा, सानिया, राहुल, सुमित व शाहिल का योगदान रहा। इन सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग शैली को दर्शकों ने खूब सराहा। यहां एनएससी मैदान में इसी तरह से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता रहेगा।



ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जनकपुर।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री की शासकीय योजनाओं का प्रचार रथ बुधवार को जिले के विकासखंड़ भरतपुर के ग्राम मलकडोल, मन्नौढ़ कुंवारपुर तथा काईलरा पंचायतों में पहुंचा।

शिविर स्थल पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत मलकडोल ग्राम पंचयात की निवासी सरीता ने आयुष्मान भारत योजना से प्राप्त कार्ड के बारे में, फूलसाय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ललीता कुमारी व राहेलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास प्राप्त हुआ के बारे में बताया, इससे उनके जीवन में क्या परिवर्तन हुए सभी ने अपना अनुभव शिविर में उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। शिविर स्थल पर कृषि विभाग के अधिकारी हीरादास पैकरा के द्वारा मृदा परीक्षण का डेमोस्टेज्शन के माध्यम से यह बताया गया कि ग्रामीण किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर उचित मात्रा में खाद एवं बीज का उपयोग अच्छी फसल ले सकते हैं। उन्होंने समस्त कृषकों सॉयल हेल्थ कार्ड बनाने के सुझाव दिए, जिससे किसान चक्रीय फसल लेने के लिए समय-समय पर खेतों का परीक्षण करा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना से रामनरेश तथा मुकेश सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन से सुरेश कुमार पिता शिवमूरत तथा दिनेश कुमार पिता हरी प्रसाद ने राष्टीय आजीविका मिशन से कांती पिता हरीदीन तथा द्रोपदी पिता सुदर्शन ने, महिला बाल विकास विभाग से राजेश पिता शेखमन तथा सीताराम पिता शिवमूरत ने, कृषि विभाग से ⏭ शेष पेज 4 पर

## विकास कार्यों का किया जाएगा लोकार्पण व भूमिपूजन

# दो दिवसीय झुमका जल महोत्सव पर होंगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

झुमका जल महोत्सव को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बुधवार को जिला व पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक ली।

बैठक में जानकारी दी गई कि गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी झुमका जल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह गुरूवार को झुमका जल महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने नगर पालिक परिषद बैकुंठपुर को तत्काल साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि झुमका जल महोत्सव का आयोजन भव्य हो, इसके लिए तैयारियां जोरों से करने के निर्देश भी दिए हैं। जानकारी के मुताबिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित गीत, नृत्य, पेंटिंग आदि कलाओं की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान श्री लंगेह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मंच सज्जा, रैम्प आदि का कार्य समय पर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बेरिकेड्स, मंच सज्जा, लाइट, एलईडी, पीने की पानी, सुलभ शौचालय, आमंत्रण कार्ड, प्रवेश पत्र, बैनर, पोस्टर व अतिविशिष्ट लोगों की अगुवानी, रुकने, ठहरने, भोजन व्यवस्था आदि की कार्ययोजना बनाकर तत्काल प्रस्तुत करने को कहा गया है। कलेक्टर ने सुरक्षा सहित कार्यक्रम स्थल पर सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। झुमका जल महोत्सव स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे, ताकि जिलेवासियों को सरकार की योजनाओं के बारे में समुचित जानकारी मिल सके। झुमका जल महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के ⏭ शेष पेज 4 पर



झुमका जलाशय का मनोरम दृश्य।



स्थल निरीक्षण करते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।

### प्राकृतिक संसाधनों के प्रति चेतना

कलेक्टर विनय लंगेह ने इस महोत्सव को मनाने के पीछे पर्यावरण संरक्षण, जल का महत्व व प्राकृतिक संसाधनों के प्रति चेतना लाना ही मुख्य उद्देश्य बताया। कोरिया अंचल प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। जिले में पर्यटन स्थलों को बढ़ावा मिले, इस उद्देश्य से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण है।

### ओंकारेश्वर वन स्थली कैलाशपुर में मेला 14 से

**बैकुण्ठपुर।** ओंकारेश्वर वन स्थली परिवार के द्वारा आगामी 14 से 22 जनवरी तक राम वन पथ गमन विश्राम स्थल ऊँ तीर्थ ओंकारेश्वर धाम ट्रस्ट कैलाशपुर सोनहत में नौ दिवसीय राम नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सोनहत के बाल्मीक मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार ओंकारेश्वर वन स्थली परिवार एवं भक्तगणों के तत्वाधन में 14 जनवरी से शुरू हो रहे नौ दिवसीय राम नाम संकीर्तन महायज्ञ के पहले व दूसरे दिन लोक नमृत्य कर्मा शैला सुवा में भगवान के चरित्र का वर्णन एवं छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आयोजित होगी, वहीं दूसरे दिन 16 जनवरी को पंडवानी लोकनृत्य गीत में महाभारत की कथाओं का वाचन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 21 जनवरी को प्रवचन, कीर्तन का आयोजन तथा अंतिम दिन 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा उत्सव एवं दीप प्रज्जवलन शंख घंटी का वादन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## न्यू वेव और जैज का प्रसार कर दिल जीता था सैक्सोफोनिस्ट विलियम्स ने

**लॉस एंजेरिस।** मार्क चार्ल्स विलियम्स उर्फ मार्स विलियम्स की सैक्सोफोनिस्ट के तौर पर दुनिया भर में ख्याति थी। दो महीना पहले उनके गुजर जाने के बाद दुनिया भर में उनके संगीत को लेकर चर्चाएं छिड़ी हुई है। 80 के दशक के न्यू वेव बैंड द वेट्रेसेस और द साइकेडेलिक फर्स के फ्रंट-एंड-सेंटर रहे सैक्सोफोनिस्ट मार्स के निधन की घोषणा गो फंड मी पेज पर की गई थी, लेकिन हाल ही में इसने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। उनके भाई पॉल आर. विलियम्स ने हाल ही में पोस्ट किए गए एक शोक संदेश में न्यूयॉर्क टाइम्स को मौत के कारण की पुष्टि की। गो फंड मी पेज पर उनके परिवार द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में लिखा है, 'अंत तक, मंगल के अटूट हास्य और ऊर्जा, और संगीत के प्रति उनके प्यार ने उन्हें आगे बढ़ाया। जैसे ही गर्मियों के अंत में यह स्पष्ट हो गया कि उनके उपचार के विकल्प समाप्त हो रहे थे, उन्होंने किशोरावस्था के दौरान छोड़े गए समय के छह सप्ताह उसी तरह बिताने का फैसला किया, रात-रात भर सड़क पर प्रदर्शन करते हुए। साइकेडेलिक फर्स के साथ वे अंतिम प्रदर्शन उन सभी अन्य अविश्वसनीय योगदानों के साथ जीवित रहेंगे जो मार्स ने एक व्यक्ति और एक संगीतकार के रूप में किए हैं, और वह असीम ऊर्जा प्रेरित करती रहेगी। 29 मई, 1955 को एल्महर्स्ट, इलिनोइस में जन्मे विलियम्स ने गायक पैटी डोनाह्यू के 1980-83 के अल्पकालिक बैंड द वेट्रेस के सदस्य के रूप में व्यापक रूप से जनता के ध्यान में आने से पहले सीबीजीबी-डाउनटाउन न्यूयॉर्क संगीत मंच पर प्रस्तुति दी थी।



विलियम्स के धमाकेदार गायन ने बैंड के हिट 'आई नो व्हाट बॉयज लाइक' और 'क्रिसमस रैपिंग' को प्रतिष्ठित किया। बैंड ने अब-

### भोजपुरी

## भोजपुरी एक्ट्रेस रानी के पीछे पड़े शहर के लड़के, फिर खेसारी की एंट्री

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के प्रमुख स्टार खेसारी लाल यादव का नया गाना 'एगो बात बताई' हाल ही में रिलीज हुआ है। इस गाने को 'पिप्पा म्यूजिक भोजपुरी' यूट्यूब चैनल ने प्रकाशित किया है। गाने को सिर्फ 7 घंटे के भीतर ही 8 लाख से अधिक बार देखा गया है, जो इसे बड़े हिट बना देता है। गाने में खेसारी लाल यादव ने भोजपुरी संगीत की सेंसेशनल सिंगर शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के म्यूजिक वीडियो में खेसारी के साथ एक्ट्रेस रानी भी नजर आती हैं। गीत की कहानी में रानी को शहर के लफंगे लड़के छेड़ रहे हैं, जिस पर वह खेसारी से इसकी शिकायत करती हैं। गाने में खेसारी रानी से कहते हैं कि वह सिर्फ सच्चे प्रेमी हैं और वह उन्हें सिंदूर लगाने के लिए आए हैं।



गाने के गीतकार आजाद सिंह हैं और इसके बोल में एक मोहब्बत भरा संदेश है। संगीतकार विशाल सिंह ने इस गाने को संगीत दिया है और गाने के डायरेक्टर पवन पाल हैं। योगेश कुमार मिश्रा और सुधांशु पांडे ने इस गाने की प्रोडक्शन की है। इस हिट गाने ने भोजपुरी भाषा में धमाल मचा दिया है और लोगों को खूब मनोरंजन प्रदान किया है।

### छॉलीवुड

## फिल्म 'चाहत' में नजर आएगी आकाश और यास्मीन की जोड़ी

**रायपुर।** राजा खान निर्देशित और डॉ. खुशबू जायसवाल निर्मित छत्तीसगढ़ी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च को रिलीज हो रही है। बुधवार शाम इसका पोस्टर विमोचन कार्यक्रम लोकायन हॉल में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश अग्रवाल ने की। अन्य अतिथियों में फिल्मकार अनुपम वर्मा और भाजपा के पदाधिकारी महेंद्र इक्का मौजूद थे। कार्यक्रम में फिल्मकार अलक राय, प्रोड्यूसर राज वर्मा, डिस्ट्रीब्यूटर लकी रंगशाही, अभिनेता क्रांति दीक्षित, यूएफओ इंचार्ज राकेश मिश्रा, निर्देशक नितेश लहरी, याकूब खान आदि उपस्थित थे।योगेश अग्रवाल ने कहा, निर्देशक ऐसा हो जो खुद कलाकर बन जाए। राजा खान में यह कला शामिल है। नई सरकार से उम्मीद जताई कि हमको बुलावा मत दीजिए। कलाकारों को राजनीतिक पार्टियों ने छला है। हमारी इंडस्ट्री गुटबाजी में बंटी है। नेतागण कहते हैं पहले तुम तो एक हो जाओ। तभी हमारी इंडस्ट्री आगे बढ़ पाएगी और उसको हक मिल पाएगा। अच्छी बात ये है कि नई पीढ़ी बेहतर कार्य कर रही है। फिल्में ऐसे बनाएं कि उसका डंका देशभर में बजे।भाजपा के पदाधिकारी महेंद्र इक्का ने कहा, राज्य में अच्छी फिल्में बन रही हैं। अब इसकी छलांग राज्य से बाहर पहुंच चुकी है। उन्होंने सीजी की पहली फिल्म कही देबे संदेश और घरद्वार से लेकर आज तक की उपलब्धियों पर चर्चा की। इक्का ने उम्मीद जताई कि फिल्म पॉलिसी और फिल्म सिटी पर हमारी सरकार दूरगामी निर्णय लेगी। कार्यक्रम को फिल्मकार संतोष जैन और अनुपम वर्मा ने भी संबोधित किया।निर्देशक राजा खान ने बताया, यह एक रोमांटिक फिल्म है। लेकिन अन्य रोमांटिक फिल्मों से बिल्कुल अलग है। इस फिल्म से डेब्यू कर रही यास्मीन ने कहा, फिल्म को लेकर मैं बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं। क्योंकि मैं पहली बार पर्दे पर दिखाई दूंगी। हालांकि सफर इतना आसान नहीं था। अभिनय के लिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ी थी। प्रोड्यूसर खुशबू ने कहा, बचपन से फिल्मों में रुचि रही है। फिल्म मेकिंग का सपना देखा था जो अब पूरा होने जा रहा है। फिल्म में लीड एक्टर आकाश सोनी हैं। अन्य कलाकारों में संजय जैन, रानू वर्मा, प्रभा जैन रिंकू रजा, पवन मानिकपुरी, कीर्ति प्रकाश।











फैशन

### पेरिस की परियां

पेरिस फैशन वीक में मॉडल दुनिया भर के डिजाइनर के कलेक्शन के साथ रैम्प पर उतरती रही हैं। हर साल 27 फरवरी से 7 मार्च तक चलने वाले इस शो में क्रिश्चियन डायर का कलेक्शन गत वर्ष छाया रहा। इस मौसम में आमतौर पर मॉडल्स अपने फॉल/विंटर कलेक्शन प्रदर्शित करती रही हैं। डिजाइनर पाको रबैन का कलेक्शन भी खूब सराहा गया। दुनिया भर के डिजाइनर के लिए यहां अपने कलेक्शन प्रदर्शित करना एक सुनहरा मौका होता है।

## शहद से बनने वाले नेचुरल फेस पैक से बढ़ाएं चेहरे की रंगत

अगर आप भी घर पर ही सर्दी के मौसम में नेचुरल तरीके से चेहरे की रंगत को सुधारना चाहते हैं, तो शहद से बने फेस पैक इसमें आपकी मदद कर सकते हैं।

शहद और दही दोनों में ही कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसे लगाने से चेहरे पर निखार आता है। ऐसे में आप स्किन का ग्लो बरकरार रखने के लिए शहद और दही से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक कटोरी में दही लेकर उसमें शहद मिक्स करना है। इसके बाद इस पैक को अच्छे से अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आप



इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

नींबू त्वचा की डेड स्किन को हटाने में मददगार होता है। ऐसे में आप एक कटोरी में शहद लेकर उसमें आधा नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मास्क को अच्छे से चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इससे आपकी स्किन मुलायम बनी रहेगी। दूध में मौजूद तत्व चेहरे को एक्सफोलिएट करने का काम करते हैं। ऐसे में कच्चे दूध में दो चम्मच शहद लेकर उसे चेहरे पर लगाएं। इस पैक का इस्तेमाल आप हर दूसरे दिन कर सकते हैं।

## घटता जा रहा बालों का घनापन तो इन तरीकों को अपनाएं

सर्दी के मौसम में अक्सर बालों का घनापन कम होने लगता है। ये समस्या आमतौर पर सामने आती है। ऐसे में बालों की सफाई का खास ध्यान रखें। इस मौसम में बाल काफी ग्रीसी हो जाते हैं। ऐसे में बालों का वॉल्यूम खत्म होने लगता है। इसी के चलते बाल को हर दूसरे से तीसरे दिन धोएं जरूर। तभी जाकर आपके बाल सही लगेंगे। अगर आप चाहते हैं कि आपके सिर से सही तरह से शैंपू और कंडीशनर निकल जाए तो हमेशा रूम टेम्प्रेचर पर रखे पानी का ही इस्तेमाल करें। यही सिर से शैंपू और कंडीशनर को सही से निकालने में मदद करता है। अगर आप सर्दी के मौसम में बालों को लंबा रखेंगे तो इससे भी आपके बाल खूबसूरत दिखेंगे। इससे बालों में अच्छा वॉल्यूम भी आता है।बालों में वॉल्यूम लाने के लिए थिक शैंपू काफी फायदेमंद साबित होते हैं। ऐसे में बालों के हिसाब से ही शैंपू का चुनाव करें। सर्दी के मौसम में गुनगुने तेल से सिर की मसाज जरूर करनी चाहिए। इसके लिए आप कोकोनट ऑयल से लेकर, ओलिव ऑयल, आलमंड ऑयल और केस्टर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।



## ग्रूमिंग की इन गलतियां को ना करें नजरअंदाज

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए-

### कान, नाक और आइब्रो के बाल

एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा। लेकिन



लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया।

### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं।

## लोहड़ी पर पारंपरिक दिखने लें इन अभिनेताओं से लें टिप्स



फैशन





वैसे तो लोहड़ी का त्योहार पूरे देश में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन खासतौर पर पंजाब और उत्तर भारत में लोहड़ी के त्योहार की काफी धूम दिखाई देती है। लोग इसकी तैयारियां काफी दिनों पहले से शुरू कर देते हैं। हर साल की तरह इस साल सूर्य देव 15 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं और इसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इसी के चलते इस साल लोहड़ी 13 जनवरी की जगह 14 जनवरी को मनाई जाएगी। लोहड़ी के त्योहार पर लोग नए-नए कपड़े पहनकर तैयार होते हैं। इस दिन पारंपरिक तरीकों से तैयार होने का काफी रिवाज है। महिलाओं से लेकर पुरुष तक लोहड़ी के दिन काफी अच्छी तरह तैयार होते हैं। अगर आप भी इस लोहड़ी के त्योहार पर पारंपरिक रूप से तैयार होना चाहते हैं, तो बॉलीवुड के कुछ अभिनेताओं से टिप्स ले सकते हैं। इन अभिनेताओं से टिप्स लेकर आपका अंदाज भी काफी स्टाइलिश दिखेगा।

**कार्तिक आर्यन:** पीला रंग तो वैसे भी बेहद शुभ होता है। ऐसे में आप लोहड़ी के त्योहार पर कार्तिक आर्यन की तरह पीले रंग का सिल्क का कुर्ता और पायजामा पहन सकते हैं।

**वरुण धवन:** लोहड़ी के त्योहार में ऐसी धोती और कुर्ता आपको स्टाइलिश लुक देने में मदद करेगा। वरुण धवन की तरह की आप अपने लुक को अच्छा बना सकते हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा:** अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने लुक्स से अक्सर लड़कियों को इंप्रेस करते रहते हैं। ऐसे में आप उनसे प्रेरणा लेकर लोहड़ी के लिए तैयार हो सकते हैं। इससे आपका अंदाज क्लासी दिखेगा।

**शाहिद कपूर:** इस तरह के वर्क वाला कुर्ता आप लोहड़ी पर पहन सकते हैं। इसके साथ आप चाहें तो दुपट्टा कैरी कर सकते हैं। दुपट्टा आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

**विक्की कौशल:** अगर कूल दिखना चाहते हैं, तो जींस के साथ लाल रंग का कुर्ता पहन सकते हैं। इस तरह के लुक के साथ आप पैरों में कोल्हापुरी चप्पल पहन सकते हैं।

**आयुष्मान खुराना :** अपनी एक्टिंग की वजह से लोगों का दिल जीतने वाले आयुष्मान खुराना के एथनिक लुक्स काफी ज्यादा क्लासी होते हैं। अगर आप लोहड़ी के दिन एथनिक पहनना चाहते हैं, तो उनकी तरह ही कुर्ता पायजामा और जैकेट पहन सकते हैं।

## सर्दियों में इन जैकेटों को अपनाएं तो कलेक्शन देखकर लोग करेंगे तारीफ

लगातार बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे। जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही जैकेटों के बारे में बताएंगे, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं,



**बॉम्बर जैकेट:** अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।

**ट्रकर जैकेट:** इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**पारका जैकेट:** जिन जगहों पर ज्यादा सर्दी होती है, उनके लिए ये जैकेट काफी सही विकल्प होता है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं। इस तरह की जैकेट काफी लंबी होती है, इसके साथ ही इसकी टोपी में फर लगी होती है।

**ब्लोजन जैकेट:** वैसे तो ये जैकेट बॉम्बर जैकेट की ही तरह होती है, लेकिन ये काफी ढीली होती है। ऐसे में ये पहनना काफी आरामदायक होती है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**बाइकर जैकेट:** इस तरह की जैकेट लेदर से बनी होती हैं।

कार्नर न्यूज

### सेलिब्रिटीज के पहनें डिजाइनर लुक्स को फॉलो करते हैं लोग

## नए साल में स्टाइलिश लहंगा डिजाइंस बन सकते हैं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड का हिस्सा

*आजकल कई डिजाइंस के लहंगे आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफ़लाइन मार्केट तक में नजर आ जाएंगे। लहंगे की बात करें तो आजकल हम इसके लिए सेलिब्रिटीज के पहनें हुए डिजाइनर लुक्स को फॉलो करते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इस साल 2024 में लेटेस्ट फैशन ट्रेंड में आने वाले लहंगे के ये स्टाइलिश डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स-*

*सिल्क लहंगा डिजाइन*

*एलिगेंट और क्लासी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरीके का आप सिल्क फैब्रिक से बना लहंगा पहन सकती हैं। इस तरह का लहंगा आप अलमारी में बंद पड़ी पुरानी साड़ी की मदद लेकर भी बना सकती हैं। वहीं आप चाहे तो इस तरीके के लहंगे को बनाने के लिए एक से ज्यादा साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं.*



### पेस्टल कलर लहंगा लुक

पेस्टल कलर देखने में सटल और सॉफ्ट लुक देने में सहायता करता है। इस तरह में आपको स्काई ब्लू, पीच, बेज, जैसे कई अन्य कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। वहीं इस तरह के लाइट कलर्स को आप दिन के समय होने वाले फंक्शन के लिए चुन सकती हैं। साथ ही इसमें आप चाहे तो छोटे साइज के पर्ल का इस्तेमाल कर स्टाइलिश दे सकती हैं। इसके अलावा आपको इनमें शिमरी डिजाइन में भी काफी लहंगे देखने को मिल जाएंगे। ग्लैम लुक की बात करें तो आपको इसमें बारीक वाली सीक्वेन वर्क भी मार्केट में नजर आ सकता है।

### फिशटेल लहंगा डिजाइन

कुछ साल पहले फिशटेल डिजाइन के लहंगे को काफी पसंद किया जाता जा रहा है और इसे तब चलन में भी देखा जा रहा था। वहीं अब यह एक बार फिर मार्केट में काफी नजर आ रहा है। अगर आप पतली और लंबी हैं तो इस तरह का लहंगा डिजाइन आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में सहायता करेगा। इस खूबसूरत डिजाइंस को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा एक बार लेकर आए हैं। इस तरह के लहंगे के साथ आप चाहे तो रेडीमेड स्टाइल के ब्लाउज खरीद सकती हैं और दुप्पट्टे को स्किप भी कर सकती हैं।

### गोल्डन लहंगा लुक

गोल्डन कलर कभी फैशन ट्रेंड से आउट नहीं होता है और लगभग हर वेडिंग लुक के लिए बेस्ट रहता है। इस तरह के लहंगे के साथ आप ग्रीन कलर की ज्वेलरी को कलर कंट्रास्ट को ध्यान में रखकर स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही गोल्डन में आपको कई डार्क, सटल, कॉपर जैसे कई अन्य मिलते-जुलते कलर्स भी देखने को मिल जाएंगे। इंग्लिश कलर की बात करें तो इसमें आप शैम्पेन गोल्ड कलर को चुन सकती हैं।

### मल्टी शेड लहंगा लुक

इस तरह का लहंगा अक्सर वेडिंग फंक्शन जैसे हल्दी या मेहंदी सेरेमनी के समय आप पहन सकती हैं। वहीं मल्टी में आपको पेस्टल और ब्राइट कलर के कॉम्बिनेशन से भरे कई लहंगे आसानी से मिल जाएंगे। इस तरह के लहंगे के साथ ज्यादातर लहंगा स्कर्ट से ज्यादा ब्लाउज पर हैवी वर्क किया हुआ देखा जाता है। हालांकि, ज्यादातर ब्लाउज के लिए हम रेडीमेड डिजाइन को चुनना पसंद करते हैं।

**एजूकेशन अपडेट**

## कठिन विषयों की पहले करें तैयारी अच्छे अंकों के लिए 6 घंटे की पढ़ाई जरुरी



**रायपुर।** प्रत्येक स्कूली विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के छात्रों में अंग्रेजी विषय को लेकर समस्या बनी रहती है। लगातार पाठन के बाद भी प्रश्नों के उत्तर याद करने में विकट समस्या बनी रहती है, जिसे लेकर चंगोराभाठा स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल की शिक्षिका ने अंग्रेजी विषय से संबंधित कई टिप्स साझा किए हैं, जिसके उपयोग से बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

- अंग्रेजी में व्याकरण, शब्दावली व वाक्य रचना की जानकारी होना आवश्यक है।
- नियमित रूप बीते कुछ सालों के प्रश्नों का पुनः अभ्यास करें।
- प्रत्येक प्रश्न-उत्तर की तैयारी लिखकर व बोलते हुए करें।
- कठिन वर्ड की जानकारी के लिए विभिन्न स्त्रोतों पुस्तकों, ऑनलाइन संसाधन व शिक्षकों से चर्चा करें।
- परीक्षा में पूछे जाने वाले पत्र, निबंध व कविताओं की तैयारी पहले से करें।
- सिलेबस की तैयारी करें व वॉकैबलरी पर ध्यान दें।
- ग्रॉमर के प्रत्येक चैप्टर पर ज्यादा से ज्यादा सवालों की प्रैक्टिस करें।
- प्रत्येक दूसरे अध्याय में जाने से पहले बीते अध्यायों का पुनः अभ्यास करें।
- परीक्षा में समय का ध्यान रखते हुए हर प्रश्न के अंक के अनुसार उन्हें समय दें।
- परीक्षा में कम अंक वाले प्रश्नों के उत्तर कम शब्दों में ही दें, उन प्रश्नों पर अपना अधिक समय व्यर्थ न करें।

**डायबिटीज, हार्ट की बीमारियों के साथ थायरॉइड की समस्या भी तेजी से बढ़ी है**

# सिर्फ वजन बढ़ना ही नहीं, थायरॉइड विकारों के कारण हो सकती हैं और भी कई समस्याएं

पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर बढ़ने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर डालें तो पता चलता है कि डायबिटीज, हार्ट की बीमारियों के साथ थायरॉइड की समस्या भी तेजी से बढ़ी है। थायरॉइड ग्रंथि में होने वाली समस्याओं कारण आपको कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। थायरॉइड विकारों की समस्या किसी को भी हो सकती है, यहां तक कि शिशुओं में भी इस विकार का खतरा देखा जाता रहा है। इसलिए इन विकारों के बारे में जानना और समय पर इनका उपचार किया जाना जरूरी हो जाता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती थायरॉइड की समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और बचाव को लेकर लोगों को अलर्ट करने के उद्देश्य से साल के पहले महीने-जनवरी को 'थायरॉइड अवेयरनेस मंथ' के रूप में मनाया जाता है। आमतौर पर वजन बढ़ने या मोटापे को थायरॉइड की समस्या मान लिया जाता है पर इसके अलावा भी कई अन्य लक्षणों पर ध्यान देना और बचाव के उपाय करना



### क्या है थायरॉइड विकार?

थायरॉइड के लक्षणों के बारे में जानने से पहले इस विकार के बारे में समझना जरूरी है। थायरॉइड ग्रंथि एक छोटा सा अंग होता है जो गर्दन के सामने स्थित होता है, ये श्वासनली (ट्रेकिआ) के चारों ओर लिपटा जैसा होता है। अन्य ग्रंथियों की ही तरह से थायरॉइड ग्रंथि भी हार्मोन्स रिलीज करती हैं, जो आपके शरीर को विशिष्ट कार्य करने में मदद करती हैं। जब थायरॉइड ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती है, तो इससे पूरा शरीर प्रभावित हो सकता है। यदि आपका शरीर बहुत अधिक थायरॉइड हार्मोन बनाता है, तो इसके कारण हाइपरथायरायडिज्म की समस्या हो सकती है वहीं कम थायरॉइड हार्मोन बनता है, तो इसे हाइपोथायरायडिज्म कहा जाता है। दोनों स्थितियां गंभीर हैं।

### थायरॉइड में वजन बढ़ने की समस्या

थायरॉइड की स्थिति को अक्सर मोटापे से जोड़कर देखा जाता रहा है, पर वजन बढ़ने की समस्या सिर्फ हाइपोथायरायडिज्म में होती है। शरीर जब थायरॉइड हार्मोन कम बनाता है तो इसके कारण मेटाबॉलिक रेट में भी समस्या आने लगती है। इसके कारण बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) बढ़ने और मोटापे का खतरा बढ़ जाता है। पर इसका उल्टा अगर किसी को हाइपरथायरायडिज्म की दिक्कत है तो इसके कारण आपका वजन बहुत कम हो सकता है।

### थायरॉइड के इन लक्षणों को भी जानिए

हाइपोथायरॉइडिज्म और हाइपरथायरायडिज्म के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं जिनपर ध्यान देते रहना आवश्यक होता है। अतिसक्रिय थायरॉइड (हाइपरथायरायडिज्म) की स्थिति में इस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। चिंता, चिड़चिड़ापन और घबराहट का अनुभव होना। सोने में परेशानी होना। वजन घटना, मांसपेशियों की कमी। मांसपेशियों में कमजोरी और कंपन होना। अनियमित मासिक धर्म या मासिक धर्म चक्र रुक जाना। गर्मी के प्रति संवेदनशील महसूस होना। दृष्टि संबंधी समस्याएं या आंखों में जलन होना।



### हाइपोथायरायडिज्म निष्क्रिय थायरॉयड के लक्षण

थकावट-कमजोरी महसूस होना।वजन बढ़ने की समस्या।बार-बार चीजों को भूलने की समस्या।भारी मासिक धर्म होना।बालों में रूखापन बढ़ना।कर्कश आवाज और ठंड के प्रति असहिष्णुता बढ़ना।

## रहें सकारात्मक और गुस्से से दूर तभी जीवन से भागेगी



नया साल 2024 की शुरुआत हो चुकी है। हम सभी जीवन में उन्नति करने के लिए नए साल में बड़े-बड़े वादे खुद से ही करते हैं। परन्तु इन सब वादों के साथ यदि आप एक वादा और करते हैं तो यकीन मानिए आपकी मुश्किलें काफी हद तक खुद ही दूर होने लगेंगी। ये है क्रोध नहीं करने का वादा। यद्धपि क्रोध आना हर एक मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है , लेकिन क्रोध कभी -कभी हमारे दिलो-दिमाग पर इतना हावी हो जाता है कि लेने के देने पड़ जाते हैं और हम अपना ही नुकसान कर बैठते हैं। सच्चाई तो यह है कि गुस्से से किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता है ,उल्टे बनी-बनाई बात और बिगड़ जाती है।हांलाकि क्रोध महज क्षणिक होता है लेकिन उसकी वजह से जो परिणाम होते हैं बहुत ही घातक होते हैं। अधिकांश तौर पर देखा जाता है कि जो लोग बात-बात पर गुस्सा करते हैं उनकी घर-परिवार, ऑफिस में अपने सहकर्मियों से ज्यादा नहीं बनती है क्योंकि गुस्सा उनकी नाक पर होता है।

### क्रोध में ऐसा ना करें

गुस्सा कितना भी आप पर हावी क्यों न हो ,भूलकर भी तोड़ -फोड़ या मारपीट न करें नहीं तोऐसा करने से आप अच्छी -खासी मुश्किल में पड़ जाएंगे साथ ही आपकी गरिमा वहां मौजूद लोगों के सामने धूमिल हो जाएगी। गुस्से के दौरान कई बार ऐसे अपशब्द निकल जाते हैं जो सामने वाले व्यक्ति की भावनाओं को आहत करते हैं , बाद में आप स्वयं भी पछताते हैं इसलिए जरूरी है जो भी बोलें सोच-समझकर।

### क्रोध आए तो करें कुछ ऐसा

जिस विषय-वस्तु से आपको गुस्सा आ रहा है वहाँ से ध्यान हटाएं ,पानी पिएं और तुरंत वह स्थान छोड़कर कुछ देर के लिए वहाँ जाएं जहां आपको सुकून मिलता हो। जहां मनचाही बात नहीं हो रही हो वहाँ प्रतिभागी बनने के बजाय सिर्फ श्रोता ही बनें , एक चुप में हजार नियामतें छिपी होती हैं । जिस किसी के ऊपर भी आपको गुस्सा आ रहा है उसको अपनी बात रखने का मौका जरूर दें , हो सकता है कि वह अपनी जगह सही हो और आप बेवजह ही अपना नियंत्रण खो बैठे हों । गुस्से के वक्त कहीं खुली जगह पर जाकर लम्बी-गहरी साँसे लें ,शरीर में सांस के अंदर- बाहर जाने की प्रक्रिया को महसूस करते हुए मन को एकाग्रचित करें , मन शांत होगा तो निश्चितरूप से गुस्सा ठंडा हो जाएगा।

## कपूर के साथ मिलाएं ये चीजें आर्थिक तंगी में मिलेगी राहत



**कपूर का इस्तेमाल पूजा-पाठ में विशेष रूप से किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि घर में कपूर जलाने से खुशहाली बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। कपूर एक ऐसी सामग्री है जिसे सकारात्मकता से जोड़ा जाता है और यह घर की किसी भी बुरी शक्ति को दूर करने में मदद करता है। वास्तु के अनुसार जब आप कपूर जलाते हैं तो इसका धुआं सभी देवी-देवताओं को आकर्षित करने में मदद करता है।**

**वास्तु के अनुसार जब आप कपूर जलाते हैं तो इसका धुआं सभी देवी-देवताओं को आकर्षित करने में मदद करता है।**

हिंदू मान्यताओं के अनुसार इसका उपयोग देवताओं को प्रसन्न करने का एक तरीका है, इसलिए इसे कई अनुष्ठानों जैसे हवन आदि में भी प्रयोग किया जाता है। वास्तु की मानें तो यदि आप कपूर में कुछ विशेष चीजें मिलाकर जलाती हैं और इसका धुंआ पूरे घर में फैलने देती हैं तो ये बहुत फलदायी होता है।

### कपूर के साथ लौंग जलाएं

घर में रात के समय यदि आप कपूर और लौंग एक साथ जलाती हैं तो यह घर के आस-पास की हवा को शुद्ध करने में मदद करता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करता है और कपूर की सुगंध मन और शरीर पर शांत प्रभाव डालती है।

### कपूर के साथ तेजपत्ता जलाएं

वास्तु की मानें तो यदि आप कपूर के साथ तेज पत्ते मिलाकर जलाते हैं तो यह बहुत शुभ वातावरण बनाने में मदद करता है। यदि आप किसी समस्या को भगाना चाहते हैं तो तेज में उस समस्या को लिखें और कपूर के साथ उसे जला दें, इससे समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है।

यदि आप कपूर के साथ तेज पत्ता जलाती हैं तो ये हवा में कई बैक्टीरिया की ख़त्म करके हवा को शुद्ध करता है और वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखने में मदद करता है। यदि

# क्या आपको भी आते हैं बुरे सपने? इन मंत्रों में छिपा है समस्या का हल

मंत्रों का जाप आपको कई नकारात्मक शक्तियों से बाहर निकलने में मदद करता है। अगर आप इनका जाप नियम और विधि-विधान से करते हैं तो इनके लाभ दोगुने हो जाते हैं।

सपने, जिन्हें अक्सर हमारे अवचेतन मन की उपज की तरह देखते हैं, ये कई बार अच्छे होते हैं और कभी-कभी डरावने भी हो सकते हैं। ऐसा कई बार होता है कि आप अपने आस-पास कोई ऐसी घटना घटित होते हुए देखते हैं जिसका भय आपके मन में रहता है और आप उसे भी सपने के रूप में देखते हैं और डर जाते हैं। यदि बुरे सपनों की बात करें तो ये हमारे अवचेतन मन को झकझोर कर रख देते हैं और हमारी नींद को भी बाधित करते हैं। यूं कहा जाए कि कुछ बुरे सपने आपके और आपकी नींद के बीच एक प्रतिद्वंदी की भूमिका निभाते हैं जिनसे निपटना थोड़ा कठिन होता है।

अगर हम ऐसे सपनों से राहत पाने के उपायों की बात करें तो कुछ ऐसे मंत्र हैं जिनके जाप से आपको बुरे सपनों और इनके भय से मुक्ति मिल सकती है। यही नहीं अगर आपको कोई बुरा सपना दिखाई देता है तो मन्त्रों का जाप उस सपने के प्रभाव को काम करने में भी मदद करता है। आइए उज्जैन के पंडित मनीष शर्मा जी से जानें ऐसे मंत्रों के बारे में जो बुरे सपनों से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।



### बुरे सपनों का प्रभाव

बुरे सपने, जिन्हें दुःस्वप्न भी कहा जाता है, हमारे जीवन के लिए नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। ये अक्सर तनाव, चिंता, या अनसुलझी भावनाओं जैसे स्रोतों से उत्पन्न होते हैं। इन सपनों की वजह से हमारी नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है और इनका दुष्प्रभाव हमारी सेहत पर भी पड़ सकता है। इन सपनों से किसी न किसी तरीके से निजात पाना जरूरी है।

### बुरे सपनों से बचाने के लिए मंत्रों का जाप

मंत्र, पवित्र ध्वनियों के कंपनात्मक सार को समाहित करते हुए, विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों में पूजनीय माने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इन गुंजयमान अक्षरों का जाप हमारी मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

### ॐ नृसिंहाय नमः मंत्र का करें जाप

अगर आपको बार-बार बुरे सपने आते हैं और उनसे निजात नहीं मिल पा रहा है तो आप 'ॐ नृसिंहाय नमः' मंत्र का जाप करें। यह मंत्र विष्णु जी के नरसिंह अवतार को समर्पित है और इससे आपको बुरे सपनों से राहत मिलने के साथ अच्छी नींद को बढ़ावा देने में भी मदद मिलती है।

### ॐ नमः शिवाय का करें जाप

ॐ नमः शिवाय मंत्र भगवान शिव को समर्पित है और इस मंत्र का अर्थ है मैं शिव को प्रणाम करता हूं। भगवान शिव को समर्पित, यह मंत्र अपनी परिवर्तनकारी और सुरक्षात्मक ऊर्जाओं के लिए प्रसिद्ध है। रोज रात में सोने से पहले इसका जाप नकारात्मक प्रभावों के खिलाफ एक आध्यात्मिक कवच बनाने का काम करता है। जिस घर में नियमित रूप से इस मंत्र का जाप होता है उस घर में कोई भी नकारात्मक शक्ति न तो प्रवेश करती है और न ही कोई नुकसान पहुंचाती है।

## नकली नहीं... ये असली जानवरों की खाल है



**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय में वन्यजीवों के संग्रह में चीता, भालू और सियार के साथ जंगली बिल्ली भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इसकी खास बात ये है कि इन जानवरों की खाल असली है। साथ ही बाल, दांत और नाखून भी असली हैं, जो 70 साल पुराने हैं। संग्रहालय के मुताबिक इन वन्यजीवों का राजनांदगांव रियासत के भूतपूर्व शासक महंत घासीदास ने शिकार किया था, जिसे बाद भी केमिकल डालकर संग्रहित कर रखा गया है।







## आज शनिदेव को जरूर चढ़ाएं ये पांच फूल, समस्याओं से मिलेगा



**शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित है। इस दिन उनकी विधिवत पूजा करने से व्यक्ति के सभी दुख दूर हो सकते हैं और शनि दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। शनिदेव को कर्मफल दाता कहा जाता है। अब ऐसे में अगर आप शनिदेव को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो उनकी पूजा में इन फूलों को अवश्य चढ़ाएं।**

### शनिदेव को चढ़ाएं अपराजिता का फूल

शनिदेव को अपराजिता का फूल बेहद प्रिय है। शनिवार के दिन सुबह शनिदेव की पूजा करने के दौरान उन्हें 5,7 और 11 अपराजिता के फूल चढ़ाएं। इससे वह जल्दी प्रसन्न हो सकते हैं और आपके जीवन में चल रही परेशानियां भी दूर हो सकती है।

### शनिदेव को चढ़ाएं आक का फूल

शनिवार के दिन शनिदेव को नीले आक का फूल चढ़ाएं। इसे अर्पित करना बेहद शुभ माना जाता है। अगर जिस भी जातक की कुंडली में शनि का ढैय्या और साढ़ेसाती का प्रभाव है। उससे छुटकारा मिल सकता है और शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### शनिदेव को चढ़ाएं शमी के फूल

शनि देव (शनि दोष उपाय) को शमी के फूल चढ़ाएं। इससे उनकी कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी और आपके जीवन में आ रही सभी समस्याओं से भी छुटकारा और रोग-दोष से मुक्ति भी मिल सकती है, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि शनिदेव की पूजा सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद करना चाहिए। इससे शुभ परिणामों की प्राप्ति हो सकती है।

**शनिदेव को चढ़ाएं गुड़हल का फूल :** शनिदेव को गुड़हल का फूल चढ़ाएं। हालांकि यह फूल मां दुर्गा को प्रिय है, लेकिन यह शनिदेव (शनिदेव मंत्र) को चढ़ाया जा सकता है। इससे अच्छे परिणाम की प्राप्ति हो सकती है और शनि दोष से भी छुटकारा मिल सकता है और उनकी कृपा भी प्राप्त हो सकती है।

**कार्नर न्यूज**

**नवा रायपुर में पेशेवर पतंगबाज दिखाएंगे करतब, दो दिन चलेगा पतंग महोत्सव**

# गुजरात की तर्ज पर काइट फेस्टिवल आसमान पर 50 मीटर के ड्रैगन और बैटमैन

*मकर संक्रांति पर इस बार भी रंगबिरंगी पतंगों से आसमान सजेगा, जिसको लेकर शहर में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पर्व के अवसर पर शहर के मैदानों में गुजरात के तर्ज पर काइट फेस्टिवल का आयोजन किया गया है, जिसमें आम आदमी के साथ शहर के पेशेवर पतंगबाज आसमान में करतब दिखाते नजर आएंगे।*

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित लेक में बड़े स्तर पर काइट फेस्टिवल का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगों ड्रैगन पतंग, शेर, जिराफ समेत मोटू-पतलू, डोरेमोन जैसे कार्टून की बीच पतंगों की लड़ाई देखने को मिलेगी। उत्सव में प्रोफेशनल पतंगबाजी कई डिफरेंट अंदाज में पतंगबाजी कर लोगों को एंटरटेन करेंगे। 13 और 14 जनवरी को यह आयोजन किया गया है। इस मौके पर कई फनी गेम्स और कल्चरल प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। इसके अलावा साइंस मैदान, डब्ल्यूआरएस और रावणभाठा मैदान में भी पतंगों का रोमांच लोगों को देखने को मिलेगा। शहर की कई सोसायटी में भी इस बार पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग उत्साहित है। पर्व के नजदीक आते ही बच्चों ने बाजार से पतंगबाजी के मुकाबले के लिए विभिन्न प्रकार के मांझे व पतंगों में मोदी, योगी, छोटा भीम, टॉप एंड जैरी, नोबिता कार्टून सहित रंगबिरंगी पतंग खरीदी हैं।



### आसमान में दिखाई देंगे सुपरमैन और ड्रैगन

नवा रायपुर में गुजरात की तर्ज पर आसमान में पतंगों के रूप में अलग-अलग नजारे देखने को मिलेंगे। प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों से भी प्रोफेशनल पतंगबाज 10 से 50 मीटर के लंबे पतंग आसमान में करतब दिखाएंगे। इस दौरान सुपरमैन, बैटमैन, ड्रैगन डिजाइन की पतंगें आसमान में देखने मिलेंगे। इसके अलावा आम आदमी भी मैदान में पतंग उड़ा सकता है। यहां एंट्री शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया। बच्चों के लिए किड्स जोन होगा, जिसमें विशेष गतिविधियां होंगी। लोहड़ी, मकर संक्रांति और पोंगल के शुभ अवसर पर इन सभी त्योहारों का सामूहिक रूप से लोग यहां आनंद उठा पाएंगे। परिवार और बच्चों के साथ उत्सव में आने का अच्छा मौका रहेगा।

### मैदानों में लोगों के बीच पतंग की जंग

हर साल की तरह इस बार भी साइंस मैदान, डब्ल्यूआरएस और रावणभाठा मैदान पतंगबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी, जिसके लिए बच्चे, युवा व पतंगबाजी के शौकीनों ने अपनी कमर कस ली है। यहां कोई भी पतंग उठा सकता है। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग यहां पतंग उठाने पहुंचते हैं। इसके अलावा कोटा, डीडीनगर, कचना की सोसायटी में घरों की छतों पर पतंग उत्सव का लुत्फ उठाएंगे।



### प्लास्टिक मिक्स कागज की पतंग खरीद रहे

इस बार बाजार में कार्टून पतंगें सभी को लुभा रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि रंगीन ताव कागज की बनी पतंगों के साथ अब पतले प्लास्टिक मिक्स पेपर की पतंगों का उपयोग ज्यादा बढ़ गया है। पतंग के शौकीन लोगों का कहना है कि वे कागज की पतंगें लेते थे, लेकिन अब ये प्लास्टिक मिक्स कागज की पतंग लेते हैं। ये अपेक्षाकृत जल्दी नहीं फटती हैं। इस बार राम मंदिर में और राम भगवान पर आधारित पतंगें छाई हुई हैं, जिसकी बिक्री इन दिनों बढ़ गई है।

### बाजार में जैविक गुड़ की बढ़ी बिक्री

पर्व से पहले शहर की किराना दुकानों के साथ ही हाथ ठेलों पर गुड़ और तिल की अच्छी-खासी बिक्री होने लगी है। बाजार में गुड़ 50 से 60 रुपये किलो तक बिक रहा है। वहीं जैविक गुड़ की भी बाजार में बिक्री हो रही है। तिल 120 से लेकर 140 रुपए किलो की दर पर बेचा जा रहा है।

खबर संक्षेप

## जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति की बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छ भारत मिशन विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक 12 जनवरी की शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा में आयोजित की गई है। सदस्य सचिव जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा पंचायत, समाज कल्याण विभाग, आदिवासी विकास विभाग बैठक में उपस्थित होंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वच्छता को लेकर जिले को कचरा मुक्त बनाने के अभियान छेड़े हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत साफ-सफाई के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। भोजन के पहले हाथ साफ करना, घर, परिसर व कार्यालयों को साफ रखने के लिए जनभागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है। आम लोगों को खुले मैदान में शौचालय से बचने व घर शौचालय बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वच्छता जीवन का अभिन्न अंग स्वच्छ भारत मिशन आपके संग के तहत जागरूकता भी जरूरी है।

## दिव्यांगों को मिलेगा मोटराइज्ड ट्रायसिकल

**बैकुण्ठपुर।** साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्डस लिमिटेड के सामाजिक निगमित दायित्व सीएसआर योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्क जबलपुर द्वारा कोरिया जिले के दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल व सुगम्य केन का मूल्यांकन, परीक्षण उपरांत निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर में 29 जनवरी को मानस भवन में तथा सोनहत जनपद पंचायत के समीप सामुदायिक भवन में 31 जनवरी इन दोनों स्थानों पर सुबह 11 से 4 बजे तक मोटराइज्ड ट्रायसिकल के लिए न्यूनतम 18 वर्ष के अस्थिबाधित जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हो, वहीं सुगम्य केन के लिए 40 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांगता को उक्त उपकरण वितरण किया जाएगा। इस शिविर में दिव्यांगों को उनके घर से लाने-ले जाने वाहन व उनके लिए भोजन, पानी की व्यवस्था संबंधित जनपद पंचायत व नगरीय निकाय द्वारा की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एसईसीएल द्वारा की जा रही इस पहल की सराहना की। उन्होंने इस सुविधा का लाभ देने के लिए सरपंच, सचिव, सामाजिक संगठनों व आम लोगों से अपील की है कि वे जरूरतमंदों व पात्र हितग्राहियों को जरूर इस शिविर के बारे में जानकारी दें, ताकि समय पर इन दिव्यांग भाई-बहनों को मदद मिल सके।

## आपदा राहतः 32 लाख की सहायता राशि मंजूर

**एमसीबी।** छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 9 जून 2015 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व परिपत्र 6 (4) के परिशिष्ट 1 की कंडिका 5 के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत निम्नानुसार आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया जाता है। दुर्घटना से मृत्य परिवारों को 32 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इस पर प्रकाश डालते हुए कलेक्टर ने बताया कि सर्पदंश के कारण तालाब व कुआं में डूबने के कारण, आकाशीय बिजली गिरने के कारण एवं इत्यादि प्राकृतिक आपदा कारणों से मृत्य परिवारों के लिए छग शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

निधन

## कमल अग्रवाल

**बैकुण्ठपुर।** कचहरीपारा निवासी व्यापारी कमल अग्रवाल का 11



जनवरी की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 63 वर्ष के थे। स्व. अग्रवाल का अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिधाम में किया गया, जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। वे मोबाइल व्यवसायी राहुल अग्रवाल के पिता थे।

### एसईसीएल में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# जीवन में अनुशासन सिखाता है खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एसईसीएल में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्षेत्र के महात्मा गांधी स्टेडियम छोटा बाजार में फाइनल मैच जोहिला एवं सोहागपुर के बीच खेला गया। इसमें सोहागपुर ऐरिया विजयी रही। टॉस जीत कर सोहागपुर की टीम बैटिंग की और 7 विकेट के नुकसान पर 180 रन का लक्ष्य जोहिला टीम को दिया। जोहिला की टीम ने 180 रन का पीछा करते हुए 20 ओवर में मात्र 113 रन ही बना पाई।

इस प्रकार सुहागपुर का कब्जा अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के कप पर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कोल इंडिया

कॉर्पोरेट गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक कल्याण, एसईसीएल रत्नेश श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र नवनीत श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर कंपनी संचालन समिति के सदस्य नाथूलाल पांडे, गोपाल नारायण सिंह, श्री खांडे, सुजीत सिंह, एसईसीएल कल्याण मंडल सदस्य बजरंगी शाही, अजय विश्वकर्मा, संपत शुक्ला, देवेन्द्र निराला, जीएम प्रसाद, संजय सिंह, कंपनी सुरक्षा के सदस्य गोपी नारंग, कमलेश शर्मा उपस्थित रहे। महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने चिरमिरी की इस प्राकृतिक धारा पर आयोजित अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए समस्त स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी तथा चयन समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से प्रतियोगिता संभव हो सकी। मुख्य अतिथि रत्नेश श्रीवास्तव ने कहा कि मैंने अपने नौकरी करियर की शुरूआत चिरमिरी क्षेत्र से ही की थी, आज यादें ताजा हो गई। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन कमेटी को बधाई दी और खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय दिया। खेल हम सबको जीवन में अनुशासन सिखाता है, हमारी नई पीढ़ी को खेल में शामिल करना चाहिए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका पियूष साहू एवं ऋषभ सोनी ने निभाई, वहीं आंखों देखा हाल सुशांत घोष एवं नूरुद्दीन देशमुख ने प्रसारित किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सोहागपुर के महेन्द्र सिंह को ,मैंन ऑफ द मैच के लिए नीरज सिंह सुहागपुर को, बेस्ट बैट्समैन के लिए सोहागपुर के सनी शर्मा को, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार जोहिला के राजकुमार केंवट को, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार दीपिका के राजेश साहू को अतिथियों द्वारा दिया गया। ग्राउंड की तैयारी के लिए चन्नाराव, बाबूराव, राजू गर्ग, दीपक परीडा, टीपी रेड्डी, जॉनसन कुजूर, राजेश कुमार, मुकुल, विश्वास, गोपी, किशन ,मांझी सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्मिक प्रबंधक मलय बोस एवं आभार प्रदर्शन एचएस राजपूत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसके दास, नागेन्द्र तिवारी, योगेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।



अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम।



# पेड़ों को सुखाने उतार रहे छाल

**बैकुण्ठपुर।** कई क्षेत्रों में लोगों के द्वारा पेड़ों को सूखाने के लिए हरे-भरे मोटे पेड़ के चारों ओर पेड़ की छाल को उतार दिया जाता है, ऐसा करने से कुछ महीनों में हरा भरा पेड़ धीरे-धीरे सूखने लगता है। जब पेड़ सूख जाता है, इसके बाद लोग ऐसे पेड़ों को काट लेते हैं। इसी तरह का हाल जिले के कई क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक पेड़ों को देखा जा सकता है। बीते दिनों बैकुंठपुर खड़गवां मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत बंजारीडॉड़ में स्थित एक मोटे हरे भरे पेड़ के चारों ओर तने से छाल को उतार दिया गया है, ताकि आने वाले कुछ माह में पेड़ जब पूरी तरह से सूख जाए तब पेड़ को बिना रोक-टोक के काट कर ले जाने की योजना है।

# हर्ष को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

प्रदेश साहू संघ का राष्ट्रीय सम्मान कार्यक्रम राजिम के त्रिवेणी संगम में माता राजिम भक्तिन माता प्रांगण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तैलिक महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव,मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, संदीप साहू एवं अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में ग्राम रामानुजनगर निवासी 15 वर्षीय किशोर हर्ष कुमार साहू को चित्रकला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राजिम भक्तिन माता सम्मान से सम्मानित किया गया। विदित हो कि हर्ष कुमार साहू इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी माता स्व. हीराबाई बेन, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,श्रीमती रेणुका सिंह, अरुण साव को भी उनके वास्तविक भाव चित्रांकन कर स्वनिर्मित चित्र भेंट किया गया। स्थानीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने बालक की चित्रकला को लेकर सराहना की।



## आंबा कार्यकर्ता पद की प्रक्रिया निरस्त

**सूरजपुर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पुराना बाजारपारा भगत सिंह वार्ड 7, वल्लभ भाई पटेल वार्ड खालपारा वार्ड 14 में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद एवं मौलाना आजाद वार्ड न. 02 महगंवा खासपारा में ऑगनबाड़ी सहायिका पद को पीआईसी बैठक 29 दिसम्बर को कार्यालय नगरपालिका परिषद् द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करते हुए, नये सिरे से नई गाईड लाईन का पालन करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ करने का निर्णय सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया हैं।

# पखवाड़े भर से डेरा जमाए हाथियों ने फसलों को किया तबाह

**सीतापुर।** ढोढागांव जंगल में पखवाड़े भर से डेरा जमाए 9 हाथियों के दल से ग्रामीण दहशत के साए रात गुजारने को मजबूर है। जंगल से निकलकर हाथियों का दल फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीण खुले आसमान के नीचे रतजगा करने को मजबूर है। वन विभाग द्वारा हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल से दूर रहने व हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि विगत 15 दिनों से 9 सदस्यीय हाथियों का दल ग्राम ढोढागांव के जंगल में डेरा जमाए हुए है। शावक व दंतैल समेत 9 हाथियों का दल जंगल के आस पास मौजूद बस्तियों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों ने वंशीपुर, ठेठेटांगर, राताखांड़, बोड़ाझरिया समेत अन्य गांवों में फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों ने खेत में लगी आलू, रहर व अन्य फसलों को तबाह कर दिया है। शाम ढलते ही हाथी बस्ती में पहुंच रहे है जिससे ग्रामीणों कड़ाके की ठंड में भी रतजगा करने को मजबूर है। जंगल से सटे गांव के लोग हाथियों के डर से सुरक्षित ठिकानों पर पलायन करने लगे है।



## रतजगा करने को मजबूर हुए ग्रामीण, 9 सदस्यीय दल शाम के बाद पहुंच रहा बस्तियों में

वन विभाग भी जंगल मे डटे हाथियों पर अपनी नजर जमाए हुए है। वन विभाग का मैदानी अमला लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है ताकि लोगों को जंगली हाथियों के हमलों से बचाया जा सके। इस संबंध में वन विभाग सूचना के जरिये लोगो को जंगलों में जाने से बचने की सलाह दी जा रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि वन विभाग का मैदानी अमला जंगल में हाथियों को लेकर सतर्क है। लगातार उन पर निगरानी रखी जा रही है। लोगों को भी हाथियों से दूर रहने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाए गए फसलों का आंकलन किया जा रहा है जिसके बाद प्रभावितों को नुकसान फसल का मुआवजा दिया जाएगा।

# तलवार व लाठी डंडे से लैस लोगों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 5 से अधिक लोग मारपीट में घायल

शहर के ग्राम तकिया में घर में घुसकर नाबालिग व घर के सदस्यों से तलवार व अन्य हथियार के दम पर मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में लगभग आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। इधर इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर बलवा का मामला दर्ज करने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि रनपुर खुर्द तकिया के वाटर फिल्टर प्लांट के समीप रहने वाले सूरज यादव आ. बृजनाथ यादव का चचेरा भाई विक्रम यादव मंगलवार की शाम मोहल्ले में दुकान के समीप खड़ा था। इसी दौरान गांव से राजा यादव व रोशन यादव आपस में विवाद कर रहे थे। विवाद होता देख विक्रम वहां बीच बचाव करने के लिए गया हुआ था। बीच बचाव के दौरान युवक उसपर ही टूट पड़े। इस दौरान लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया और सभी अपने घर चले गए। आरोप है कि देर रात सतीश यादव अपने साथियों के साथ हथियार से लैस होकर विक्रम के घर पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा। जब विक्रम के पिता ने बाहर निकलकर गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच किसी तरह विक्रम के पिता घर के अंदर चले गए और दरवाजा बंद कर लिया लेकिन आरोपियों के घर के दरवाजा को धक्का देकर खोल दिया गया और सभी जबरन घर के अंदर प्रवेश कर गए और हर में मौजूद महिलाओं पुरुषों व बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावर तलवार, लाठी डंडा व अन्य हथियार से लैस होकर आए थे। इस हमले में विक्रम, समेत प्रिंस यादव, संतोष यादव, फैजान खान समेत अन्य लोगों को गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं प्रार्थी सूरज यादव की शिकायत पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में 294, 506, 323, 147, 148, 452, 307 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत सतीश यादव, मजहर खान, जिम्मी, आदित्य यादव, चन्दर यादव समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी आग सामान जलकर खाक

**वाड्रफनगर।** इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत के बनारस रोड पर अयूब इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान संचालित है। दुकान के बगल में ही व्यवसायी ने एक गुमटी में अपना गोदाम बनाकर रखा है। संचालक बीती रात दुकान बंद कर घर चला गया था और आज सुबह 8 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान में आग लगी हुई थी। आस पास के लोगों द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

*सीतापुर। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ध्वज स्थापित करने नगर में भूमिपूजन किया गया। नया बस स्टैंड के सामने गायत्री मंदिर के बाजू में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पं सुनील तिवारी ने राधेश्याम अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल के हाथों ध्वज स्थापना हेतु भूमिपूजन कराया गया।




# गणतंत्र दिवस समारोह : आयोजन के लिए कलेक्टर ने विभागों को सौंपे दायित्व

**बैकुण्ठपुर।** गणतंत्र दिवस के समारोह को जिले में गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समारोह को सर्वश्रेष्ठ राष्टीय पर्व बताते हुए समारोह की तैयारी गरिमामय करने के निर्देश दिए। मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा।

कलेक्टर ने मुख्य समारोह के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो रहेंगे। कलेक्टर श्री लंगेह ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिए ग्राउंड व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका बैकुंठपुर को सौंपी है। वहीं शामियाना टेंट एवं बैठक व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, माइक व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिक बैकुंठपुर, राष्टीय ध्वज की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन बैकुंठपुर, मंच पर कारपेट एवं तिरपाल की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरिया, बेरिकेटिंग के लिए बॉस-बल्ली की व्यवस्था वनमंडलाधिकारी बैकुंठपुर एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरिया, बेरिकेटिंग एवं लाइटिंग की व्यवस्था कार्यपालिन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरिया एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन बैकुंठपुर, साज-सज्जा, गमले एवं गुलदस्ते की व्यवस्था सहायक संचालक उद्यान विभाग, विद्युत व्यवस्था कार्यपालन अभियंता छग राज्य विद्युत मंडल एवं एसडीओ ई एंड एम, सफेद कपोत की व्यवस्था उप संचालक पशु चिकिसा सेवा, गुब्बारे की व्यवस्था महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, बैंड की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक एवं जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान,आमंत्रण पत्र की छपाई एवं वितरण की व्यवस्था मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उप संचालक समाज कल्याण, प्रशस्ति पत्र के वितरण एवं छपाई की व्यवस्था सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य अतिथि के सत्कार की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद परिवार को लाने ले जाने तथा रुकवाने की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सर्व थाना प्रभारी, परेड निरीक्षण के लिए खुली जिप्सी पुलिस अधीक्षक एवं रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन, सफेद छाते की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक पुलिस लाईन, मुख्यमंत्री छग शासन के संदेश एवं समारोह स्थल पर रखने की व्यवस्था जिला जनसंपर्क अधिकारी, चिकित्सा दल एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया, उदघोषक को कार्यक्रम पल प्रतिपल की सूची समय पूर्व देने की व्यवस्था सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को दी गई है। इसी तरह अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कर्मचारियों के सम्मान के लिए शील्ड एवं पुरस्कार की पूर्ण जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना इकाई कोरिया को दी गई है। मिष्ठान वितरण की व्यवस्था की जिला खाद्य अधिकारी एवं खनिज अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान को दिया गया है।

**खास बात**

- बैंड की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक एवं जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान को दी गई जिम्मेदारी




## पेज 1 का शेष...

### सड़क पर बहता है गंदा ...

भी सीसी नाली निर्माण के लिए नपा अध्यक्ष को पत्र लिखा था, लेकिन बताया जा रहा है कि नाली निर्माण की जमीन में होना था, उसके मालिक को आपत्ति होने से यह काम रुका हुआ है। लोगों का कहना है कि यहां निस्तार का पानी गड्ढे में जमा रहता है।

### अंतिम व्यक्ति तक ...

गेंदलाल पिता शोभनाथ तथा राजीव पिता देवलाल ने, स्वास्थ्य विभाग से पूर्णिमा बैगा तथा मोहन बैगा ने आयुष्मान कार्ड बनवाया। इसके साथ ही राष्टीय आजीविका मिशन में जुड़ने के लिए सविता बैगा, माया सिंह,सीमा सिंह, प्रेमवती तथा सुकवरिया ने भी आवेदन जमा किया है। स्वच्छ भारत मिशन, उज्जवला योजना, पीएम आवास, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, पीएम विश्वकर्मा योजना, आजीविका मिशन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना आदि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।

### दो दिवसीय होगा ...

साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के प्रतिभा को मंच भी दिया जाएगा। राष्टीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित भी की जा सकती है। फरवरी के प्रथम सप्ताह में गुरुवार 1 व शुक्रवार 2 फरवरी को सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक दो दिवसीय आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोरिया में झुमका जल महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह है।

